E-mail:- hegpgckhr@ mp.gov.in
Phone No.:- +91-7282-241562
Fax No.:- +91-7282-241963

कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी)महाविद्यालय खरगोन (म.प्र.)

क्रमांक/20/ 2022 खरगोन, दिनांक 22.01.2022

आमंत्रण सूचना

महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति द्वारा स्ववित आधार पर ई-प्रवेश एवं छात्रवृत्ति के ऑनलाइन पोर्टल के संचालन के लिए तकनीकी प्रबंधक पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। इस कार्य हेतु आमंत्रण म.प्र. शासकीय सेवा का भाग नहीं हैं तथा वे लोक सेवक नहीं होकर पूर्णतः (अंशकालिक) अस्थायी तथा सीमित समयावधि के लिये होंगें।

तकनीकी प्रबंधक पद हेतु अनिवार्य योग्यता-

1. **कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर उपाधि**
2. **शासकीय महाविद्यालय में ई-प्रवेश एवं छात्रवृत्ति के ऑनलाइन पोर्टल पर कार्य करने का न्यनतम 10 वर्ष का कार्यानुभव।**

टीप -

1. तकनीकी योग्यता एवं कार्यानुभव के आधार पर गुणानुक्रम सूची से चयन होगा।
2. आवश्यक अर्हता रखने वाले उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र प्राचार्य एंव सचिव, जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय खरगोन म.प्र. को महाविद्यालय की वेबसाईट पर प्रकाशित होने के 07 दिवस के भीतर प्रेषित करें। अपूर्ण एवं समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेंगा। लिफाफे के उपर पद का स्पष्ट उल्लेख अवश्य करें।
3. प्रत्याशी अपने आवेदन में अपना पूर्ण विवरण, डाक का पता, एवं मोबाईल नम्बर सहित लिखें। साथ में स्वयं का अद्यतन फोटो, हाई स्कुल, हायर सेकेण्डरी, स्नातक, स्नातकोत्तर, जाति, मुल निवास प्रमाण-पत्र एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियाँ संलग्न करें।
4. चयनित व्यक्ति को प्रतिदिन समस्त निर्धारित कार्य करने की बाध्यता रहेंगी एवं कार्य के संतोषजनक नहीं पाये जाने पर किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी सेवायें समाप्त करने का अधिकार प्राचार्य एंव सचिव को होगा।
5. महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति को चयन प्रक्रिया निरस्त करने अथवा आंशिक संशोधन करने के समस्त वैधानिक अधिकार हैं।

22.01.22

प्राचार्य एवं सचिव
जनभागीदारी समिति
शास. स्नात. महाविद्यालय खरगोन